१. परमेश्वर के पुत्र यीशु मसीह की खुशख़बरी का शुरू । जैसा १-२
यशायाह नबी की किताब में लिखा है कि देख मैं अपने दूत
को तेरे आगे भेजता हूं जो तेरा मार्ग तैयार करेगा, जंगल में पुकारने ३
वाले की आवाज़ आती है कि प्रभु का मार्ग तैयार करो, उस के रास्ते सीधे
बनाओ । यूहन्ना आया और जंगल में बपतिसमा देता और गुनाहों की ४
मुआफ़ी के लिये तौबा के बपतिसमे की मनादी करता था । और यहूदिया के ५
मुल्क के सब लोग और यरूशलेम के सब रहनेवाले निकल कर उस के पास गए
और उन्होंने अपने गुनाहों का इक़रार कर के यर्दन नदी में उस से बपतिसमा
लिया । यूहन्ना ऊंट के बालों के कपड़े पहिने और चमड़े का पटुका अपनी